# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, तरूणमित्र न्यूज, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश, आज,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 29.12.2024

# 56 स्थानों पर हो रहा था अवैध निर्माण, वीडीए ने की कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए की टीम नें शनिवार को जियो ट्रिक्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से शहर में हो रहे अवैध निर्माणों को चिह्नित किया। 56 जगह अवैध निर्माण मिले।

शिवपुर और सिकरौल में 500 वर्ग मीटर में 50 नव निर्माणों का चिह्नित कर मौके पर टीम भेजी गई। इसमें छह जगह सरकारी निर्माण मिला और दो स्थानों पर निजी निर्माण हो रहा था। उसे सील कराया गया। सारनाथ, आदमपुर और जैतपुरा में 500 वर्ग मीटर में 24 नव निर्माणों कर चिह्नित कर टीम भेजी तो 16 स्थानों पर बिना मानचित्र पास कराए निर्माण हो रहा था। दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक एवं कोतवाली क्षेत्र में 20 स्थानों पर अवैध निर्माण हो रहा था। सभी जगह सीलिंग की कार्रवाई की गई। नगवां एवं भेलूपुर में 12 स्थानों पर अवैध निर्माण हो रहा था। सभी जगह सीलिंग की कार्रवाई की गई। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 29.12.2024

# पांच दुकानों का किया गया आवंटन

**वाराणसी।** दशाश्वमेध प्लाजा में बनाई गई दुकानों में शनिवार को पांच दुकानों का आवंटन किया गया। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने बताया कि यहां बनाई गई 186 दुकानों में 165 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है। शनिवार को पांच दुकानों का आवंटन किया गया। अभी 21 दुकानों का आवंटन किया जाना है। ब्यूरो


# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 29.12.2024

### एक ही भवन में आएंगे 59 मंडलीय कार्यालय, शिखर जैसा दिखेगा भवन



मंडलीय कार्यालय का मॉडल। स्रोत-वीडीए

वाराणसी। शहर में अलग-अलग जगह पर बने 59 मंडलीय कार्यालयों को एक स्थान पर लाया जाएगा। इसका भवन मंदिर के शिखर जैसा दिखाई देगा। देखने पर मंदिर के तीन शिखर दिखाई देंगे। उन्हीं में यह कार्यालय होंगे। मॉडल तैयार कर वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने बताया कि नगर में विभिन्न स्थलों पर स्थित मंडलीय कार्यालयों को एक स्थान पर स्थानांतरित करते हुए एकीकृत मंडलीय कार्यालय बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण दो बेसमेंट के साथ में 10 मंजिला ट्विन टावर भवन के रूप में किया जाएगा। इसमें नया कोर्ट बिल्डिंग चार मंजिला एवं अधिवक्ता चैंबर में एक अतिरिक्त तल के साथ निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है। एकीकृत मंडलीय कार्यालय के लिए अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है। अब इस पर अंतिम रूप से अनुमोदन मंत्री परिषद की कैबिनेट बैठक में लिया जाना है। एकीकृत मंडलीय कार्यालय में मंडल के 59 कार्यालयों को विभिन्न स्थल से स्थानांतरित कर एक स्थल पर लाया जाएगा। ट्विन टावर में कॉन्फ्रेंस हॉल सभी फ्लोर पर एक कॉमन मीटिंग रूम, अत्याधुनिक स्टोर रूम एवं एक बैंक और इसके अलावा जिम, कैफेटेरिया और पार्किंग की व्यवस्था होगी। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 29.12.2024

### इंटरलॉकिंग सड़कों का किया शिलान्यास

वाराणसी। वीडीए की ओर से पंडित दीन दयाल नगर के न्यू महाल कॉलोनी में 40 फीट रोड पर 77 लाख की लागत से तैयार हुई इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने किया। विधायक ने कहा कि विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। सारनाथ में ओम नगर फेज-3 के गोइठहा में 120 मीटर पर इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास वीडीए सदस्य अंबरीश सिंह भोला और संजय सिंह ने किया। संवाद

## दैनिक जागरण–दि0 29.12.2024

# शमन मानचित्र पर लगी रोक हटी, राहत

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी : लंबे समय से शमन मानचित्र पर लगी रोक न्यायालय की सहमति पर हट गई है। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शमन मानचित्र दाखिल करने का आदेश जारी कर दिया है। शमन मानचित्र दाखिल होने से भवन स्वामियों को बड़ी राहत मिलेगी, इसको लेकर कई बिल्डर संग प्रदेश सरकार ने न्यायालय में अपील की थी। शमन उपविधि-2009 14 जनवरी-2010 से प्रभावी है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होता है। सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शमन मानचित्र अधिक से अधिक दाखिल कराएं। भवन स्वामी भी आर्किटेक्ट जरिए आवेदन करें।

भवन स्वामी कोई निर्माण करता है तो निर्माण के दौरान वीडीए से स्वीकृत मानचित्र से कुछ न कुछ विचलन जरूर हो जाता है। ऐसे में वह अवैध निर्माण रहता है।

- वीडीए उपाध्यक्ष ने जोनल अधिकारी को शमन मानचित्र दाखिल करने का दिया निर्देश
- स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बने भवन के 10 प्रतिशत हिस्से होंगे वैध

**14** जनवरी-2010 से फिर से प्रभावी हुई शमन उपविधि न्यायालय से मिली राहत

उस अवैध हिस्से के 10 प्रतिशत को वीडीए शमन मानचित्र के रूप में दाखिल कर तय शुल्क लेकर वैध कर देता है। पिछले वर्ष कोर्ट ने शमन मानचित्र पर रोक लगाते हुए प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। इससे वीडीए ने शमन मानचित्र दाखिल नहीं हो पा रहे थे। दो वर्ष में आठ हजार से अधिक शमन मानचित्र की फाइलें लंबित पड़ी हैं। कई भवन स्वामी चाहकर भी शमन मानचित्र दाखिल नहीं कर पा रहे थे। भवन स्वामियों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार ने करीब तीन वर्ष पहले नई शमन नीति लाते हुए अवैध हिस्से को वैध करने का निर्देश दिया था। इस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। हालांकि, शमन मानचित्र दाखिल होता रहा। कुछ महीनों बाद न्यायालय ने शमन मानचित्र पर भी रोक लगा दी। कोर्ट का कहना था कि शमन मानचित्र राजस्व का जरिया नहीं हो सकता है। शमन मानचित्र दाखिल होने से रोक लगने पर वीडीए को कई लाख करोड़ राजस्व की क्षति पहुंची।



शमन मानचित्र पर लगी रोक पूर्ववत बहाल हो गई है। सभी जोनल अधिकारी और अवर अभियंता को शमन मानचित्र दाखिल कराने का निर्देश दिया गया है। इससे भवन स्वामियों को काफी राहत मिलेगी।
-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

## दैनिक जागरण–दि0 29.12.2024

# शहर के विकास पर डेवलपर्स ने की चर्चा वीसी ने दिया भरोसा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहर के विकास और आने वाली समस्याओं को दूर करने को लेकर शनिवार को वाराणसी बिल्डर्स एंड डेवेलपर्स एसोसिएशन (क्रेडाई वाराणसी) का प्रतिनिधि मंडल वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग से मिला। कहा कि शमन मानचित्र, वेयर हाउस, टीडीआर, स्टांप, एनओसी, मास्टर प्लान, जोनल प्लान और एचएफएल क्षेत्र कम करने को लेकर चर्चा की। वीडीए उपाध्यक्ष ने एचएफएल क्षेत्र को कम करने का भरोसा दिलाया। साथ ही नए प्रोजेक्ट लाने और पूरा सहयोग करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में अभिनव पांडेय, अरुण अग्रवाल, रमन सिंह, लोकेश गुप्ता, सुशील कुमार राय, दीपक सिंह, नितेश बहल, इंद्र कुमार कोठरी आदि शामिल थे।

## दैनिक जागरण–दि0 29.12.2024

# 10 मंजिल के नए मंडलीय भवन में स्थानांतरित होंगे 59 कार्यालय

**290** करोड़ से भवन पर उकेरी जाएगी काशी की कला की तस्वीर

**65** करोड़ की राशि से 10 वर्षों तक मल्टी बिल्डिंग का होगा मेंटिनेंस

निर्माण को वित्त समिति से हरी झंडी, कैबिनेट की मुहर लगते ही शुरू हो जाएगा काम, विकास प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : प्रस्तावित 10 मंजिला एकीकृत मंडलीय कार्यालय के निर्माण पर शासन ने मुहर लगा दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शासन के व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है। अब कैबिनेट की मुहर लगते ही इसका निर्माण कार्यदायी संस्था में शुरू हो जाएगा। दो-तीन साल में इस भवन के निर्माण की उम्मीद जताई जा रही है।

इस दस मंजिला भवन पर कुल 290 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इतना ही नहीं मल्टी स्टोरी इस भवन के दस वर्षों के मेंटिनेंस व मैनेजमेंट के लिए भी 65 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मल्टी स्टोरी इस भवन पर काशी की कला, संस्कृति को भी उकेरा जाएगा। काशी की पुरातन संस्कृति समेटे यह भवन पर्यटकों को भी लुभाएगा। मंडलीय कार्यालय का निर्माण दो बेसमेंट के साथ कुल 10 मंजिला ट्विन टावर भवन के रूप में होगा। इस भवन का फ्रंट पूरी तरह मंदिर आकार में दिखेगा। ट्विन टावर वाले इस बहुमंजिली भवन में समस्त मंडलीय कार्यालय को स्थान मिलेगा। इस तरह इस भवन में विभिन्न स्थलों से कुल 59 कार्यालय को स्थानांतरित करके लाने की योजना है। नया कोर्ट बिल्डिंग चार मंजिला एवं अधिवक्ता चैंबर में एक अतिरिक्त तल के साथ निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है।

**ट्विन टावर भवन में ये होंगी सुविधाएं:** ट्विन टावर में सभी 10 फ्लोर पर कांफ्रेंस हाल होगा। प्रत्येक फ्लोर पर एक कामन मीटिंग हाल के संग, अत्याधुनिक स्टोर रूम की भी व्यवस्था रहेगी। एक बैंक तथा इसके अलावा जिम, कैफेटेरिया और पार्किंग की व्यवस्था भी होगी।



कुछ यूं होगा ट्विन टावर 10 मंजिला मंडलीय कार्यालय का मुख्य भाग • जागरण



ट्विन टावर 10 मंजिला मंडलीय कार्यालय का सेटिंग भाग • जागरण

### मंत्री परिषद की कैबिनेट बैठक में लगेगी मुहर

एकीकृत मंडलीय कार्यालय के लिए अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है। अब इस पर अंतिम रूप से मुहर मंत्री परिषद की कैबिनेट बैठक में लिया जाना है।



वित्त समिति से मंडलीय कार्यालय निर्माण को अनुमति मिलना बड़ी उपलब्धि है। कैबिनेट से अनुमोदन के बाद इस पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके निर्माण के बाद मंडलीय समस्त कार्यालय एक ही परिसर में हो जाएंगे। इससे जनता को भी बहुत सहूलियत मिलेगी।

– कौशल राज शर्मा, कमिश्नर।

## हिन्दुस्तान–दि0 29.12.2024

# निर्माण बंद कराने के बाद जमा कराया शमन शुल्क

- प्रमुख समस्या सीवर की है जिससे सभी प्रभावित
- 20 प्रकरण में स्वीकृत हुआ है मानचित्र

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए ने इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसके माध्यम से नव निर्माण चिह्नित कराते हुए उनका शमन मानचित्र दाखिल कराया जा रहा है।

शमन मानचित्र न दाखिल करने वाले पर कार्रवाई भी की जा रही है। वीडीए उपाध्यक्ष के अनुसार जोन संख्या-1 (वार्ड-शिवपुर एवं सिकरौल) में सॉफ्टवेयर के जरिये 500 वर्गमीटर से बड़े कुल 50 नव निर्माण चिह्नित किये गए। मौके पर सर्वे किया गया, जिसमें 6 प्रकरण में स्थल पर सरकारी/सार्वजनिक भवन बनता पाया गया। 2 प्रकरण में निजी भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण पाया गया। 20 प्रकरण में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे तत्काल रुकवा दिया गया। सभी को नोटिस जारी की गई। 20 प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया है। 2 प्रकरण में शमन मानचित्र दाखिल कराया गया। इसी तरह जोन संख्या-2 (वार्ड-सारनाथ, आदमपुर एवं जैतपुरा) में 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 24 नव निर्माण चिह्नित किये गए। सर्वे में 1 प्रकरण में निजी भूमि पर बांड्रीवाल का निर्माण पाया गया। 16 प्रकरण में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था।

हिन्दुस्तान–दि0 29.12.2024

## 5 को बनारसगीरी का होगा आयोजन

वाराणसी। छावनी परिषद, वाराणसी विकास प्राधिकरण और यंग इंडियन्स (वाईआई) के सहयोग से 5 जनवरी 2025 की सुबह 6.30 बजे छावनी परिषद के नेहरू पार्क और नेहरू पार्क सर्किल के पास बनारसगीरी-2.0 का आयोजन किया गया है। इसमें स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम में जुम्बा फिटनेस डांस, योग सत्र, स्थिरता काउंटर, फोटोग्राफी वॉक और प्रदर्शनी, 'मन का कोना'-मानसिक कल्याण गतिविधि, सभी आयु वर्ग के लिए स्केटिंग प्रदर्शन, तीरंदाजी, फिटनेस ट्रेजर हंट, पारंपरिक भारतीय कुश्ती का अखाड़ा प्रदर्शन, पिकबॉल और अन्य खेल, लाइव संगीत प्रदर्शन, पेंस्टर मेकिंग प्रतियोगिता होगी।

हिन्दुस्तान–दि0 29.12.2024

## एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्माण का अनुमोदन

वाराणसी। विभिन्न स्थलों पर स्थित मंडलीय कार्यालयों को एक स्थान पर स्थानांतरित करते हुए एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्मित किये जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त कार्यालय में प्रस्तावित है। अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति ने इसपर अनुमोदन की मुहर लगा दी है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 29.12.2024

### दशाश्वमेध प्लाजा में अभी 21 दुकानें खाली

वाराणसी। दशाश्वमेध क्षेत्र के विकास फाउण्डेशन के अंतर्गत दशाश्वमेध प्लाजा में निर्मित दुकाने आमजनमानस के मध्य आंवटित की गयी है। कुछ दुकान के आवंटियों द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर दुकान परिवर्तन के लिए लम्बे समय से अनुरोध किया जा रहा था। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश के क्रम में पूर्व में लाटरी के माध्यम से आंवटित दुकानों के पांच आवंटियों के दुकान परिवर्तित किये जा चुके है। एक अन्य आंवटी जगदीश प्रसाद को पूर्व आवंटित दुकान सं.-एल. 2/1 के सापेक्ष लाटरी के माध्यम से परिवर्तित दुकान सं.-एल. 1/43 का आंवटन किया गया। दशाश्वमेध प्लांजा के अन्तर्गत 186 दुकाने विक्रय के लिए विज्ञापित की गयी थी, जिसमें से 165 दुकाने विक्रीत हो चुकी है, 21 दुकाने विक्रय के लिए विज्ञापित है।



## राष्ट्रीय सहारा–दि0 29.12.2024

### इंफोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर से चिह्नांकन कर कराया जा रहा शमन मानचित्र दाखिल

वाराणसी। वीडीए की तरफ से इंफोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से वीडीए क्षेत्र के अंतर्गत नव निर्माणों का चिन्हांकन कराते हुए उनका शमन मानचित्र दाखिल कराया जा रहा है एवं शमन मानचित्र न दाखिल करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही की रही है।

वीडीए के इंफोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित अनाधिकृत निर्माणों पर जोन एक (वार्ड-शिवपुर एवं सिकरौल) में इंफोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 50 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें छह प्रकरण में स्थल पर सरकारी/ सार्वजनिक भवन बनता पाया गया, दो प्रकरण में निजी भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण पाया गया, 20 प्रकरण में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बंद कराते हुए उक्त के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया एवं संबंधित थाने पर पत्र भेजा गया तथा 20 प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया है एवं दो प्रकरण में शमन मानचित्र दाखिल कराया गया। जोन दो (वार्ड-सारनाथ, आदमपुर एवं जैतपुरा) में इंफोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 24 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमे एक प्रकरण में निजी भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण पाया गया, एक प्रकरण आवास विकास क्षेत्रान्तर्गत पाया गया, 16 प्रकरण में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बंद कराते हुए नोटिस जारी किया गया एवं एक व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया तथा सम्बन्धित थाने पर पत्र भेजा गया तथा चार प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया है एवं दो प्रकरण में शमन मानचित्र दाखिल कराया गया। जोन तीन (वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक एवं कोतवाली) में इंफोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 21 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें 20 प्रकरणों में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बंद कराते हुए उक्त के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया एवं संबंधित थाने पर पत्र भेजा गया है तथा एक प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया है। जोन चार (वार्ड-नगवां एवं भेलूपुर) में इंफोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 200 वर्ग मीटर से बड़े कुल 13 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें दो प्रकरण में निजी भूमि पर टिनशेड/ झोपड़ी पाया गया, एक प्रकरण आवास विकास परिषद से संबंधित पाया गया, 12 प्रकरणों में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बंद कराते हुए उक्त के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया एवं पांच व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया तथा संबंधित थाने पर पत्र भेजा गया एवं दो में ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 29.12.2024

### न्यू महाल कॉलोनी में 40 फीट रोड पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास

**वाराणसी।** पंडित दिन दयाल नगर के न्यू महाल कॉलोनी में 40 फीट रोड पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल ने किया। इस परियोजना की लागत लगभग 77 लाख रुपये है। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि वाराणसी के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, और इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। सड़क के इंटरलॉकिंग से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को आवागमन में आसानी होगी। मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता अरविदं शर्मा, सहायक अभियंता देवेश राम गुप्ता व अवर अभियंता अशोक त्यागी, पार्षद भारती यादव उपस्थित रहे। वहीं दूसरी तरफ ओम नगर फेज तीन, गोइठहा में मानसी नर्सरी से बिहारी सिंह के मकान तक 120 मीटर लम्बाई की रोड पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास मनोनीत सदस्य अमरीश सिंह भोला, मंत्री अनिल राजभर के प्रतिनिधि संजय सिंह द्वारा किया। इस परियोजना की लागत लगभग 11.82 लाख रुपये है। मौके पर मौजूद सहायक अभियंता अनुज कुमार शर्मा व शिवाजी मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि रविशंकर पटेल उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 29.12.2024

### स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने बनारस गिरी-2.0 कार्यक्रम अब पांच जनवरी को

**वाराणसी।** छावनी परिषद, वीडीए और यंग इंडियंस (वाईआई) वाराणसी के सहयोग से रविवार को प्रातः 6.30 बजे से 'बनारस गिरी-2.0' का आयोजन किया जाना था जिसे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दुखद निधन से घोषित सात दिवसीय राजकीय शोक के कारण स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम पांच जनवरी 2025 को सुबह 6.30 बजे छावनी परिषद के नेहरू पार्क और नेहरू पार्क सर्किल के पास आयोजित होगा, जिसमें स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में जुम्बा फिटनेस डांस, योग सत्र, स्थिरता काउंटर, फोटोग्राफी वॉक और प्रदर्शनी, 'मन का कोना'- मानिसक कल्याण गतिविधि, सभी आयु वर्ग के लिए स्केटिंग प्रदर्शन, तीरंदाजी, फिटनेस ट्रेजर हंट, पारंपरिक भारतीय कुश्ती का अखाड़ा प्रदर्शन, पिकबॉल और अन्य खेल, लाइव संगीत प्रदर्शन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, महिला कराटे प्रदर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सहयोगियों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 29.12.2024

### प्रस्तावित एकीकृत मंडलीय कार्यालय के लिए व्यय वित्त समिति की हरी झंडी



वाराणसी। नगर में विभिन्न स्थलों पर स्थित मंडलीय कार्यालयों को एक स्थान पर स्थानांतरित करते हुए एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्मित किये जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त कार्यालय में प्रस्तावित है एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण दो बेसमेंट के साथ में कुल 10 मंजिला ट्विन टावर भवन के रूप में नया कोर्ट बिल्डिंग चार मंजिला एवं अधिवक्ता चेंबर में एक अतिरिक्त तल के साथ निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है, एकीकृत मंडलीय कार्यालय के लिए अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है, अब इस पर अंतिम रूप से अनुमोदन मंत्री परिषद की कैबिनेट बैठक में लिया जाना है। एकीकृत मंडलीय कार्यालय में मंडल के 59 कार्यालयों को विभिन्न स्थल से स्थानांतरित कर एक स्थल पर प्रस्तावित है। ट्विन टावर में कांफ्रेंस हाल सभी फ्लोर पर एक कॉमन मीटिंग रूम, अत्याधुनिक स्टोर रूम एवं एक बैंक तथा इसके अलावा जीम, कैफेटेरिया, और समुचित पार्किंग की व्यवस्था होगी।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 29.12.2024

### वाराणसी में प्रस्तावित एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण कार्य, वित्त समिति द्वारा हुई अनुमोदित

तरुणमित्र न्यूज



प्रस्तावित भवन

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण प्रशासन ने शनिवार को बताया कि वाराणसी नगर में विभिन्न स्थलों पर स्थित मंडलीय कार्यालयों को एक स्थान पर स्थानांतरित करते हुए एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्मित किये जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त कार्यालय में प्रस्तावित है एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण दो बेसमेंट के साथ में कुल 10 मंजिला ट्विन टावर (TWIN TOWER) भवन के रूप में नया कोर्ट बिल्डिंग चार मंजिला एवं अधिवक्ता चैंबर में एक अतिरिक्त तल के साथ निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है। एकीकृत मंडलीय कार्यालय हेतु अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है। अब इस पर अंतिम रूप से अनुमोदन मंत्री परिषद की कैबिनेट बैठक में लिया जाना है। एकीकृत मंडलीय कार्यालय में मंडल के 59 कार्यालयों को विभिन्न स्थल से स्थानान्तरित कर एक स्थल पर प्रस्तावित है। ट्विन टावर में कांफ्रेंस हाल सभी फ्लोर पर एक कॉमन मीटिंग रूम, अत्याधुनिक स्टोर रूम एवं एक बैंक तथा इसके अलावा जीम, कैफ़ेटेरिया, और समुचित पार्किंग की व्यवस्था होगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 29.12.2024

### बनारस गिरी-2.0, अब 05 जनवरी 2025 को छावनी क्षेत्र में होगा

वाराणसी। छावनी परिषद, वाराणसी विकास प्राधिकरण और यंग इंडियन्स (वाईआई) वाराणसी के सहयोग से 29 दिसंबर को प्रात: 6.30 बजे से बनारस गिरी-2.0 का आयोजन किया जाना था जिसे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दु:खद निधन से घोषित सात दिवसीय राजकीय शोक के कारण स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम 05 जनवरी 2025 को सुबह 6.30 बजे छावनी परिषद के नेहरू पार्क और नेहरू पार्क सर्किल के पास आयोजित होगा, जिसमें स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में जुम्बा फिटनेस डांस, योग सत्र, स्थिरता काउंटर, फोटोग्राफी वॉक और प्रदर्शनी, मन का कोना-मानसिक कल्याण गतिविधि, सभी आयु वर्ग के लिए स्केटिंग प्रदर्शन, तीरंदाजी, फिटनेस ट्रेजर हंट, पारंपरिक भारतीय कुश्ती का अखाड़ा प्रदर्शन, पिकबॉल और अन्य खेल, लाइव संगीत प्रदर्शन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, महिला कराटे प्रदर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सहयोगियों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे ।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 29.12.2024

### वीडीए ने जियो ट्रिक्स सॉफ्टवेयर से चिहित किया सैकड़ों भवन

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। वीडीए ने जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर से शहर के 4 जोनों में शनिवार को सैकड़ों भवनों को चिह्नित किया। विभाग ने दर्जनों भवस्वामियों पर जहां सख्त कारवाई की वहीं कई मकान मालिकों को नोटिस दिया और कई लोगों से शमन शुल्क लगाया जबकि अनाधिकृत भवनों की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर विभाग ने इन्फोसिमेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से वाराणसी विकास क्षेत्र के अन्तर्गत नव निमार्णों का चिहांकन किया जा रहा है और उनका शमन मानचित्र दाखिल कराया जा रहा है, शमन मानचित्र दाखिल नहीं करने वाले निर्माणकर्ताओं के खिलाफ वीडीए इन दिनों जबरदस्त अभियान चला रही है।

इस दौरान शनिवार को वीडीए की टीम अचानक शिवपुर जोन में पहुंचा जहां जोन संख्या-01 (वार्ड-शिवपुर एवं सिकरौल) में इन्फोसिमेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 50 नव निमार्णों का चिहांकन किया गया, और मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें 06 प्रकरणो में स्थल पर सरकारी/सार्वजनिक भवन बनता पाया गया, 02 मामलों में निजी भूमि पर बाण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था जबकि, 20 प्रकरणो में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण कार्य हो रहा था। जिसे टीम ने जहां तत्काल बन्द करायी, वहीं निर्माणकर्ता को नोटिस जारी किया गया, और 20 प्रकरणो में मानचित्र स्वीकृत किया गया, जबकि 02 प्रकरण में शमन मानचित्र दाखिल हुआ।

**कार्रवाई**

**दर्जनों भवन पर की कारवाई दी नोटिस, लगाया शमन शुल्क और किया ध्वस्तीकरण**

इसी क्रम में जोन संख्या-02 (वार्ड-सारनाथ, आदमपुर एवं जैतपुरा) में 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 24 नव निमार्णों का चिहांकन किया गया, एवं मौके पर सर्वे हुआ। जिसमें 01 प्रकरण में निजी भूमि पर बाण्ड्रीवाल का निर्माण पाया गया, 01 प्रकरण आवास विकास क्षेत्रान्तर्गत पाया गया, और 16 प्रकरण में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था। जिसे मौके पर तत्काल बंद कराया गया और नोटिस जारी किया गया जबकि 01 व्यावसायिक निर्माण को सील की सख्त कार्रवाई की गई और 04 प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराए गए, जबकि 02 प्रकरण में शमन मानचित्र दाखिल हुआ।



इसी तरह जोन संख्या-03 (वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक एवं कोतवाली) में इन्फोसिमेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 21 नव निमार्णों का चिहांकन किया गया, और सर्वे हुआ। जिसमें 20 प्रकरणों में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था।

इस दौरान टीम ने निर्माण कार्य को तत्काल बंद करा दिया। और तत्काल बन्द करा दिया और नोटिस जारी की जबकि 01 प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया। इस दौरान टीम जोन संख्या-04 (वार्ड-रामनगर एवं भेलूपुर) में पहुंचा। जहां इन्फोसिमेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 200 वर्ग मीटर से बड़े कुल 13 नव निमार्णों का चिहांकन किया, मौके पर सर्वे कराया। जिसमें 02 प्रकरण में जहां निजी भूमि पर [illegible] पाया गया, वहीं 01 प्रकरण आवास विकास परिषद से सम्बन्धित मिला, जबकि 12 प्रकरणों में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था। जिसे मौके पर तत्काल बन्द कराते हुए उक्त के नोटिस जारी किया गया एवं 05 व्यावसायिक निर्माण को सील की कार्रवाई की गई और 02 अनाधिकृत भवनों पर ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 29.12.2024

# एकीकृत मंडलीय कार्यालय का जल्द होगा निर्माण



जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। शहर में एकीकृत मंडलीय कार्यालय का जल्द निर्माण होगा। इसके लिए व्यय वित्त समिति ने जहां अनुमोदित कर दिया है, वहीं शासन का अंतिम मोहर लगना बाकी है। शहर में विभिन्न स्थलों पर स्थित मंडलीय कार्यालयों को एक स्थान पर स्थानांतरित करते हुए एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्मित किये जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त कार्यालय में प्रस्तावित है।

एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण दो बेसमेंट के साथ में कुल 10 मंजिला ट्विन टावर (टीडब्लूआईएन टावर) भवन के रूप में नया कोर्ट बिल्डिंग बनाया जाना है। जिसमें चार मंजिला अधिवक्ता चैंबर में एक अतिरिक्त तल के साथ निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है। इसको लेकर एकीकृत मंडलीय कार्यालय बनाने हेतु

### स्वीकृति

**व्यय वित्त समिति ने किया अनुमोदित, शासन की अंतिम मोहर लगना बाकी**

अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है, जिस पर अंतिम रूप से मंत्री परिषद की कैबिनेट की बैठक में अनुमोदित किया जाना है।

एकीकृत मंडलीय कार्यालय में मंडल के 59 कार्यालयों को विभिन्न स्थल से स्थानान्तरित कर एक स्थल पर किया जाना है। जिसमें ट्विन टावर में कांफ्रेंस हाल सभी फ्लोर पर एक कामन मीटिंग रूम, अत्याधुनिक स्टोर रूम, एक बैंक के अलावा जीम, कैफेटेरिया और समुचित पार्किंग की व्यवस्था होगी।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 29.12.2024

# बनारसीगिरी 2.0 का अब 5 जनवरी को होगा आयोजन

वाराणसी। बनारसीगिरी 2.0 का अब आयोजन 5 जनवरी को प्रातः 6.30 बजे किया जाएगा। छावनी परिषद, वीडीए और यंग इंडियन के सहयोग से पहले 29 दिसम्बर को नेहरू पार्क छावनी के पास कार्यक्रम होना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से राष्ट्रीय शोक घोषित किए जाने के कारण इसके कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन कर दिया गया है।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 29.12.2024

### दशाश्वमेध प्लाजा में पांच आंवटित दुकानें परिवर्तित



वाराणसी। दशाश्वमेध प्लाजा में 5 आंवटित दुकानें शनिवार को परिवर्तित किया गया। दुकानदारों के प्रसंददीदा दुकानों को जहां दी गई, वहीं 21 बिक्रय नहीं हुई दुकानों हेतु है विज्ञापित कराया गया। दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउण्डेशन के अन्तर्गत दशाश्वमेध प्लाजा में निर्मित दुकानें आमजनमानस के मध्य आंवटित की गयी है। कतिपय दुकान के आवंटियों द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर दुकान परिवर्तन हेतु लम्बे समय से अनुरोध किया जा रहा था। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर पूर्व में लाटरी के माध्यम से आंवटित दुकानों के 05 आवंटियों के दुकान परिवर्तित किये जा चुके है। एक अन्य आंवटी जगदीश प्रसाद को पूर्व आवंटित दुकान सं.-एल. 2/1 के सापेक्ष लाटरी के माध्यम से परिवर्तित दुकान सं.-एल. 1/43 का आंवटन किया गया। दशाश्वमेध प्लाजा के अन्तर्गत कुल 186 दुकाने विक्रय हेतु विज्ञापित की गयी थी, जिसमें से 165 दुकाने विक्रीत हो चुकी है,जबकि 21 दुकाने विक्रय हेतु विज्ञापित है।

## न्यायाधीश–दि0 29.12.2024

### वाविप्रा द्वारा न्यू महाल कॉलोनी में 40 फीट रोड पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा पुलिकत गर्ग के निर्देसनुसार पंडित दिन दयाल नगर के न्यू महाल कॉलोनी में 40 फीट रोड पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास माननीय विधायक मुगलसराय श्री रमेश जायसवाल ने किया। इस परियोजना की लागत लगभग 77 लाख रुपये है।विधायक श्री रमेश जायसवाल ने कहा कि वाराणसी के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है, और इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। सड़क के इंटरलॉकिंग से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को आवागमन में आसानी होगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## न्यायाधीश—दि0 29.12.2024

### प्रस्तावित एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण के लिए किया गया अनुमोदन



वाराणसी।नगर में विभिन्न स्थलों पर स्थित मंडलीय कार्यालयों को एक स्थान पर स्थानंतरित करते हुए एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्मित किये जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त कार्यालय में प्रस्तावित है एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण दो बेसमेंट के साथ में कुल 10 मंजिला ट्विन टावर (ऊंच्-ऊर्ध्व) भवन के रूप में नया कोर्ट बिल्डिंग चार मंजिला एवं अधिवक्ता चैंबर में एक अतिरिक्त तल के साथ निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है, एकीकृत मंडलीय कार्यालय हेतु अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है, अब इस पर अंतिम रूप से अनुमोदन मंत्री परिषद की कैबिनेट बैठक में लिया जाना है।ट्विन टावर में कांफ्रेंस हाल सभी फ्लोर पर एक कॉमन मीटिंग रूम, अत्याधुनिक स्टोर रूम एवं एक बैंक तथा इसके अलावा जीम, कैफेटेरिया, और समुचित पार्किंग की व्यवस्था होगी।

## न्यायाधीश—दि0 29.12.2024

### लाटरी के माध्यम से परिवर्तित दुकान सं0-एल. 1/43 का आंवटन किया गया



वाराणसी ।दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउण्डेशन के अन्तर्गत दशाश्वमेध प्लाजा में निर्मित दुकाने आमजनमानस के मध्य आंवटित की गयी है। कतिपय दुकान के आवंटियों द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर दुकान परिवर्तन हेतु लम्बे समय से अनुरोध किया जा रहा था। उपाध्यक्ष वाविप्रा श्री पुलकित गर्ग के निर्देश के क्रम में पूर्व में लाटरी के माध्यम से आंवटित दुकानों के 05 आवंटियों के दुकान परिवर्तित किये जा चुके है। एक अन्य आंवटी श्री जगदीश प्रसाद को पूर्व आवंटित दुकान सं0-एल. 2/1 के सापेक्ष लाटरी के माध्यम से परिवर्तित दुकान सं0-एल. 1/43 का आंवटन किया गया। दशाश्वमेध प्लाजा के अन्तर्गत कुल 186 दुकाने विक्रय हेतु विज्ञापित की गयी थी, जिसमें से 165 दुकाने विक्रीत हो चुकी है, जबकि 21 दुकाने विक्रय हेतु विज्ञापित है।

## न्यायाधीश–दि0 29.12.2024

### इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित अनाधिकृत निर्माणों पर कार्यवाही

वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा इन्फोर्समेट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से वाराणसी विकास क्षेत्र के अन्तर्गत नव निर्माणों का चिन्हांकन कराते हुए उनका शमन मानचित्र दाखिल कराया जा रहा है एवं शमन मानचित्र न दाखिल करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में कार्यवाही करायी जा रही हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित अनाधिकृत निर्माणों पर निम्नवत् कार्यवाही की गयी है- जोन संख्या-01 (वार्ड-शिवपुर एवं सिकरौल) में इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 50 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें 06 प्रकरण में स्थल पर सरकारी/सार्वजनिक भवन बनता पाया गया, 02 प्रकरण में निजी भूमि पर बाण्ड्रीवाल का निर्माण पाया गया, 20 प्रकरण में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बन्द कराते हुए उक्त के विरूद्ध 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में नोटिस जारी किया गया एवं सम्बन्धित थाने पर पत्र भेजा गया तथा 20 प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया है एवं 02 प्रकरण में शमन मानचित्र दाखिल कराया गया। जोन संख्या-02 (वार्ड-सारनाथ, आदमपुर एवं जैतपुरा) में इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े कुल 24 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें 01 प्रकरण में निजी भूमि पर बाण्ड्रीवाल का निर्माण पाया गया, 01 प्रकरण आवास विकास क्षेत्रान्तर्गत पाया गया, 16 प्रकरण में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बन्द कराते हुए उक्त के उक्त विरूद्ध 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में नोटिस जारी किया गया एवं 01 व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया तथा सम्बन्धित थाने पर पत्र भेजा गया तथा 04 प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया है एवं 02 प्रकरण में शमन मानचित्र दाखिल कराया गया। जोन संख्या-03 (वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक एवं कोतवाली) में इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 500 वर्ग मीटर से बड़े, कुल 21 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें 20 प्रकरणों में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बन्द कराते हुए उक्त के विरूद्ध 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में नोटिस जारी किया गया एवं सम्बन्धित थाने पर पत्र भेजा गया है तथा 01 प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराया गया हैजोन संख्या-04 (वार्ड-नगवां एवं भेलूपुर) में इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से 200 वर्ग मीटर से बड़े, कुल 13 नव निर्माणों का चिन्हांकन किया गया एवं मौके पर सर्वे किया गया। जिसमें 02 प्रकरण में निजी भूमि पर टिनशेड/झोपड़ी पाया गया, 01 प्रकरण आवास विकास परिषद से सम्बन्धित पाया गया, 12 प्रकरणों में बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण हो रहा था, जिसे मौके पर तत्काल बन्द कराते हुए उक्त के विरूद्ध 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में नोटिस जारी किया गया एवं 05 व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया तथा सम्बन्धित थाने पर पत्र भेजा गया एवं 02 में ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया।

## आज–दि0 29.12.2024

### दस मंजिला टावर का होगा निर्माण

#### शासन की अनुमति के बाद शीघ्र शुरू होगा कार्य

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के विशेष प्रयास से लगभग २९ मंडल कार्यालय अब एक ही स्थान पर दिखेंगे। संबंधित विषय में शासन से अनुमति मिल जाने के बाद दस मंजिला टावर के साथ-साथ दो बेसमेंट का निर्माण कराया जायेगा। भवन के रूप को नया कोर्ट बिल्डिंग चार मंजिला,



अधिवक्ता चेंबर एक, तल निर्मित होंगे। एकीकृत मंडलीय कार्यालय, अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति ने अनुमोदित कर दिया है अब इस तरह की योजना को अंतिम रूप देने के लिए कैबिनेट की बैठक में हरी झंडी मिलेगी। ५९ कार्यालयों में ट्विन टावर कान्फ्रेंस हाल, मीटिंग रूम, अत्याधुनिक स्टोर रूम, बैंक, जिम, कैफेटेरिया और समुचित पार्किंग की व्यवस्था होगी। इस योजना को एक ही स्थान पर लाने का मुख्य तात्पर्य है कि नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों में अलग-अलग जगह न जाना पड़े और एक ही स्थान से उनके आवश्यक काम संपन्न हो जाये। कैबिनेट की हरी झंडी मिलने के बाद जमीन और निर्माण कार्य के लिए एजेंसी का चयन किया जायेगा।

आज–दि0 29.12.2024

## जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से दर्जनों मकान सील

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर इन्फोर्समेन्ट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर के माध्यम से वाराणसी सीमा में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये हो रहे निर्माणों का फोटोग्राफी की गयी जिसमें जोन संख्या-१ शिवपुर में लगभग ५० नवनिर्माण चिह्नित किये गये जिसमें छह सरकारी या सार्वजनिक भवन बनाते हुये देखा गया। दो प्रकरण निजी भूमि पर बांउड्रीवाल का निर्माण करते हुए पाया गया जबकि २० प्रकरण ऐसे थे जिन्हें तत्काल बंद कराया गया और सुसंगत धारा के अंतर्गत भवन स्वामियों को नोटिस भेजी गयी। दो प्रकरण ऐसे थे जिनके भवन स्वामियों ने नोटिस मिलने से पूर्व मानचित्र दाखिल कर दिया। जोन संख्या-२ में जिसमें सारनाथ, आदमपुर और जैतपुरा आता है इसमें २४ नवनिर्माण चिह्नित किये गये जिसमें १६ जगहों पर बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य हो रहा था। क्षेत्रीय अभियंताओं ने कार्य बंद कराते हुए नोटिस दी और उसे सील कर दिया। इसी तरह जोन संख्या-३ दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक, कोतवाली में २१ नवनिर्माण चिह्नित किये गये। २० प्रकरणों में मौके पर पहुंचकर अभियंताओं ने तत्काल कार्य बंद कराया और उसे सील कराया। जबकि एक भवन स्वामी का मानचित्र स्वीकृत कराया गया। जोन संख्या-४ नगवा और भेलूपुर जिसमें दो प्रकरण निजी भूमि पर टीनशेड, झोपड़ी पाया गया, १२ प्रकरणों में बिना स्वीकृति प्रदान हुये निर्माण कराया जा रहा था जिसे संबंधित जोन के अभियंताओं ने सील कर दिया। सिलिंग काररवाई में पांच व्यवसायिक भवन भी शामिल हैं। इन सभी जोनो में जिन भवनों को सील किया गया है उसे संबंधित थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।

### विप्रा का बनारस गिरी-२.० अब पांच जनवरी से

पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह के निधन की वजह से विप्रा के स्तर से छावनी के नेहरू पार्क में बनारस गिरी-२.० कार्यक्रम का आयोजन टाल दिया गया अब यह कार्यक्रम अगले वर्ष पांच जनवरी से सुबह साढ़े छह बजे शुरू किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जिसमें कि लोगों के स्वास्थ्य कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ाने के लिए विविध गतिविधियों को दर्शाया जायेगा। जिसमें जुम्बा फिटनेस डांस, योग शस्त्र, स्थिरता काउंटर, फोटोग्राफी वाक, प्रदर्शन और मानसिक कल्याण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा खेलकूद, पोस्टर प्रतियोगिता, महिला करटि जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिससे लोगों में फिटनेस बना रहे।